**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्याः 424**

**उत्तर देने की तारीखः 01.04.2025**

**आदर्श ग्राम तथा ग्राम विकास योजनाएं**

***424. श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:**

**श्री विनोद लखमशी चावड़ा:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी 2025 तक विशेषकर जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में संबंधित योजनाओं के तहत कुल कितने गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है और अनुसूचित जातियों वाले कुल कितने गांव हैं और कुल कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2024-25 में फरवरी 2025 तक विशेषकर जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में कुल कितनी ग्राम विकास योजनाएं (वीडीपी) बनाई गईं और कुल कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान फरवरी 2025 तक विशेषकर जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में गांवों में लड़कियों और लड़कों के छात्रावासों के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में छात्रावास निर्माण हेतु परियोजनाओं, उनके स्थान और आवंटित बजट सहित ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आदर्श ग्राम और ग्राम विकास योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए विशेषकर महाराष्ट्र और जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**(क) से (ङ.):** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**आदर्श ग्राम और ग्राम विकास योजनाओं के संबंध में श्री गजेन्द्र सिंह पटेल और श्री चावड़ा विनोद लखमशी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 424, जिसका उत्तर 01.04.2025 को दिए जाने के लिए निर्धारित है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क):** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत, वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 40% से अधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाले और कुल 500 या उससे अधिक की जनसंख्या वाले गांव चयन के लिए पात्र हैं। वर्ष 2018-19 से अब तक 29,847 गांवों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 11,076 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों में 4991 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। महाराष्ट्र में आदर्श ग्राम घटक के तहत 515 गांवों को चिह्नित किया गया है और 260 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है, जिनमें से वर्ष 2024-25 के दौरान महाराष्ट्र में 46 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया गया है। जलगांव जिले में 03 गांवों की पहचान की गई है और 01 गांव को आदर्श ग्राम घोषित पीएम-अजय के आदर्श ग्राम घटक के तहत अब तक राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों को 323.70 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष अर्थात वर्ष 2024-25 के दौरान आदर्श ग्राम घटक के तहत जलगांव सहित महाराष्ट्र सरकार को कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

**(ख):** वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों में 3495 गांवों की ग्राम विकास योजनाएं (वीडीपी) तैयार की गई हैं, जिनमें से 66 ग्राम विकास योजनाएं (वीडीपी) महाराष्ट्र में और जलगांव जिले में अब तक 03 ग्राम विकास योजनाएं (वीडीपी) तैयार की गई हैं। चालू वित्तीय वर्ष अर्थात वर्ष 2024-25 के दौरान आदर्श ग्राम घटक के तहत जलगांव सहित महाराष्ट्र राज्य को कोई निधि जारी नहीं की गई है।

**(ग) और (घ):** वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पीएम-अजय के छात्रावास घटक के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य से छात्रावासों के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इस योजना के अंतर्गत, अब तक महाराष्ट्र के लिए 59 छात्रावास (27 बालिका छात्रावास, 32 बालक छात्रावास) स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1 बालिका छात्रावास जलगांव निर्वाचन क्षेत्र में है। छात्रावासों का विवरण **संलग्नक** में है।

**(ङ.):** महाराष्ट्र और जलगांव सहित राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों में इस योजना का प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) केंद्र, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर विभिन्न समितियां कार्यरत हैं, जैसे- ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति (एसएलसीसी) और केंद्रीय स्तर पर परियोजना मूल्यांकन सह अभिसरण समिति (पीएसीसी) जो योजना के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी करती हैं। महाराष्ट्र में एसएलसीसी गठित कर दी गई है और जलगांव जिले में वीएलसीसी और डीएलसीसी गठित की गई हैं।

(ii) योजना के समग्र मार्गदर्शन और निगरानी के लिए, केंद्रीय स्तर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय सलाहकार समिति और राज्य स्तर पर राज्य के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति का गठन किया जाता है।

(iii) विभाग एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) से निधियों के अंतरण और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करके उनके उपयोग की सक्रिय रूप से निगरानी करता है। प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और प्रस्ताव प्रस्तुत करने, ग्राम विकास योजना तैयार करने, आदर्श ग्राम की घोषणा करने और अन्य विवरण, जैसे कि उपयोग प्रमाण पत्र (यूसी), एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) की शेष राशि और लाभार्थियों के डाटा जैसे कार्यों की प्रगति पर नज़र रखने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है। इसके अलावा, मंत्रालय के अधिकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का सत्यापन करने के लिए क्षेत्र का दौरा करते हैं। साथ ही, आधिकारिक पत्राचार के अलावा, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के साथ प्रत्यक्ष और वर्चुअल बैठकों के माध्यम से नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और निगरानी की जाती है।

संलग्नक

आदर्श ग्राम और ग्राम विकास योजनाओं के संबंध में लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 424 जिसका उत्तर 01.04.2025 को दिए जाने के लिए नियत है, के संदर्भ में संलग्नक

(रुपये करोड़ में)

| | पीएम-अजय (या पूर्ववर्ती बीजेआरसीवाई) के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में संस्वीकृत अनुसूचित जाति छात्रावासों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | संस्वीकृति का वर्ष | क्रियान्वयन एजेंसी | बालिका/बालक | स्थान | संस्वीकृत केंद्रीय सहायता |
| 1 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | मेहकर, बुलढाणा | 1.20 |
| 2 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | मुर्तिजापुर, अकोला | 1.28 |
| 3 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | अक्कलकोट, सोलापुर | 1.36 |
| 4 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | दिग्रस, यवतमाल | 0.86 |
| 5 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | निलंगा, लातूर | 1.40 |
| 6 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | तुलजापुर, उस्मानाबाद | 1.40 |
| 7 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | गढ़िंगलाज, कोल्हापुर | 1.54 |
| 8 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | धिवाड़ी, सतारा | 1.20 |
| 9 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | नेवासा, अहमदनगर | 1.20 |
| 10 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | जलगांव जामोद, बुलढाणा | 0.60 |
| 11 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | अकोला | 0.64 |
| 12 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | यवतमाल | 0.43 |
| 13 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | कलमनुरी, हिंगोली | 0.70 |
| 14 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | दहिवाडी, सतारा | 0.60 |
| 15 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | शेवगांव, अहमदनगर | 0.60 |
| 16 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | भोकरदन, जालौन | 0.70 |
| 17 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | अंबाजोगाई, बीड | 0.70 |
| 18 | 2010-11 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | सेलु, परभणी | 0.70 |
| 19 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | इंदापुर, पुणे | 2.00 |
| 20 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | हटकंगले, कोल्हापुर | 2.00 |
| 21 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | तासगांव, सांगली | 2.00 |
| 22 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | अटपाडी, सांगली | 2.00 |
| 23 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | धामनगांव, अमरावती | 2.00 |
| 24 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | मोर्शी, अमरावती | 2.00 |
| 25 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | यतमाल | 2.00 |
| 26 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालिका | वांगेपल्ली, गढ़चिरौली | 2.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | 2011-12 | उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय | बालिका | जलगांव | 4.00 |
| 28 | 2011-12 | सिपेट औरंगाबाद | बालिका | औरंगाबाद | 2.00 |
| 29 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | टियोसा, अमरावती | 1.00 |
| 30 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | भोकरदन, जालौन | 1.00 |
| 31 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | घनसावंगी, जालना | 1.00 |
| 32 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | अहेरी, गढ़चिरौली | 1.00 |
| 33 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | इंदापुर, पुणे | 1.00 |
| 34 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | चंदोली, पुणे | 1.00 |
| 35 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | तुलजापुर, उस्मानाबाद | 1.00 |
| 36 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | माधा, सोलापुर | 1.00 |
| 37 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | बार्शी, सोलापुर | 1.00 |
| 38 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | शिरोल, कोल्हापुर | 1.00 |
| 39 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | अजारा, कोल्हापुर | 1.00 |
| 40 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | हाटगंगले, कोल्हापुर | 1.00 |
| 41 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | तसगांव | 1.00 |
| 42 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | अमरावती | 1.00 |
| 43 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | दरियापुर, अमरावती | 1.00 |
| 44 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | चंदुर रेलवे, अमरावती | 1.00 |
| 45 | 2011-12 | महाराष्ट्र सरकार | बालक | जामखेड, अहमदनगर | 1.00 |
| 46 | 2011-12 | सिपेट औरंगाबाद | बालक | औरंगाबाद | 1.80 |
| 47 | 2012-13 | महाराष्ट्र पशु मत्स्य विज्ञान विश्वविद्यालय | बालिका | नागपुर | 2.00 |
| 48 | 2013-14 | महमूदा शिक्षण एवं महिला ग्रामीण विकास बहुउद्देश्यीय संस्था | बालिका | नागपुर | 1.80 |
| 49 | 2013-14 | मुंबई विश्वविद्यालय | बालिका | मुंबई विश्वविद्यालय, ठाणे परिसर | 1.92 |
| 50 | 2013-14 | मुंबई विश्वविद्यालय | बालिका | मुंबई विश्वविद्यालय, विद्यानगरी परिसर, कलिना | 1.92 |
| 51 | 2013-14 | जेनसेवा फाउंडेशन | बालिका | पुणे | 0.90 |
| 52 | 2013-14 | परमहंस रामकृष्ण मौनीबाबा शिक्षण | बालिका | बुलढाणा, संस्था, चिखली | 1.80 |
| 53 | 2013-14 | मुंबई विश्वविद्यालय | बालक | मुंबई विश्वविद्यालय, ठाणे परिसर | 0.90 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 54 | 2013-14 | मुंबई विश्वविद्यालय | बालक | मुंबई विश्वविद्यालय, विद्यानगरी परिसर, कलिना | 0.90 |
| 55 | 2013-14 | नाना पाटिल विद्यार्थी संस्था, कुंडल, तालुक, पलुस | बालक | सांगली | 0.45 |
| 56 | 2014-15 | गुनाई शिक्षण प्रसारक मंडल, कवलखेड, तालुक- उदगीर, लातूर | बालिका | उदगीर, लातूर | 1.36 |
| 57 | 2014-15 | श्री शैन शिक्षण संस्थान, नागपुर | बालिका | महुरज़ारी, नागपुर | 2.06 |
| 58 | 2014-15 | गुनाई शिक्षण प्रसारक मंडल, कवलखेड, तालुक उदगीर, जिला: लातूर | बालक | बोधन नगर जलकोट उदगीर, लातूर | 1.20 |
| 59 | 2015-16 | सामकी माता महिला मंडल कवलखेड़ तालुक उदगीर | बालक | लातूर | 1.35 |
| **कुल** | | | | | **76.48** |

*****